अंदर पढ़ें ◗ संसद मार्ग थाने में दम तोड़ रही सफाई व्यवस्था IV

Noida aihm
DIPLOMA
(Eligibility : 10th Pass / 12 Pass)
BBA/BSc in HOTEL MANAGEMENT
(Eligibility : 12th Pass or Equivalent)
9313583356, 9311583356
www.hotel-management.in

फ्री जन्मपत्री फ्री सलाह
Customer Care No.
1800 3000 5055
GEM MINES CERTIFIED & NATURAL GEMS
फ्री जन्मपत्री फ्री सलाह के लिए हमारे ऑफिस में आये
2547, गली न. 6, 2nd फ्लोर, बिडोनपुरा, गुरूद्वारा रोड, करोल बाग दिल्ली

वाहनों पर सख्ती से कारोबारी परेशान

10 साल पुराने डीजल व 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों के परिचालन पर लगी है पाबंदी

नेमिष हेमंत, नई दिल्ली

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने राष्ट्रीय राजधानी में 10 वर्ष पुराने डीजल व 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों के परिचालन पर पाबंदी लगाई। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने एसयूवी वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर रोक के अपने फैसले पर सुनवाई करते हुए इसे जारी रखा है। दिसंबर में सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण का हवाला देते हुए दिल्ली में एसयूवी वाहनों के रजिस्ट्रेशन पर मार्च तक रोक लगाने का फैसला सुनाया था। इन फैसलों से स्पेयर पार्ट्स कारोबारियों में चिंता का माहौल है। उनके मुताबिक अगर इस फैसले पर सख्ती से पालन शुरू होता है तो स्पेयर पार्ट्स की बिक्री घटकर आधी रह जाएगी। कारोबारियों के मुताबिक पुराने होने के साथ वाहनों में मरम्मत की मांग ज्यादा रहती है।

आटो पार्ट्स के मामले में एशिया के बड़े बाजारों में एक कश्मीरी गेट में ही करीब 25 हजार दुकानें है। जिन पर कार, टेंपो से लेकर ट्रकों के पार्ट्स बेचे जाते हैं। यहां से इसकी आपूर्ति देश के अन्य हिस्सों में भी होती है। ऐसे में यहां के कारोबारी दिल्ली के साथ-साथ बिहार व हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में वायु प्रदूषण के मद्देनजर डीजल वाहनों पर सख्ती से चिंतित है। स्पेयर पार्ट्स विक्रेताओं के मुताबिक एनजीटी के फैसले का अभी सड़क के साथ कारोबार पर असर ज्यादा नहीं दिखाई देगा, लेकिन आने वाले वर्षों में यह प्रभाव दिखने लगेगा। कश्मीरी गेट स्थिति आटो पार्ट्स विक्रेताओं के संगठन आटोमोटिव पार्ट्स मर्चेंट एसोसिएशन (एपमा) के उपाध्यक्ष विष्णु भार्गव के मुताबिक नए वाहनों पर कंपनी द्वारा ही पांच साल तक वाहनों की वारंटी दी जाती है। जबकि सात-आठ साल के बाद वाहनों में बड़ी गड़बड़ियां सामने आने लग जाती हैं। जैसे इंजन बदलना, एक्सेल व ब्रेक पैड समेत वाहनों से और काम निकलते हैं। 10 वर्ष पुरानी एक कार के रखरखाव में सालाना करीब 20 से 30 हजार रुपये का खर्च आ जाता है। वाहनों के परिचालन पर रोक के बाद रखरखाव का यह खर्च बाजार में नहीं आ पाएगा। भार्गव के मुताबिक दिल्ली की तर्ज पर अन्य राज्य भी डीजल वाहनों पर सख्ती करने लगे हैं। बिहार सरकार ने हाल ही में पटना की सड़कों पर 15 वर्ष पुराने डीजल वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने का फैसला लिया है। हिमाचल सरकार ने 10 वर्ष पुराने वाहनों के राज्य में रजिस्ट्रेशन पर रोक लगा दी है। भार्गव के मुताबिक प्रदूषण को लेकर सरकारों की सख्ती से कश्मीरी गेट के आटो पार्ट्स के होलसेल विक्रेताओं को आने वाले सालों में जोरदार झटका लगने वाला है। करोलबाग में आटो पार्ट्स के विक्रेता रोहित जैन के मुताबिक आज कंपनियों से कारें ही ठोस तरीके से आ रही हैं। उसमें अब खराबी आने की गुंजाइश कम ही रहती है। ऐसे में पुराने वाहनों के परिचालन पर रोक से आटो पार्ट्स विक्रेताओं की स्थिति खराब होने वाली है। इसके साथ ही कार मरम्मत से जुड़े हजारों कुशल हाथ भी बेरोजगार होंगे। कार विशेषज्ञ व आइएनए में कार मरम्मत केंद्र चलाने वाले द्वारका प्रसाद गुप्ता के मुताबिक कारों को लेकर लिए जा रहे फैसलों से हजारों कार मैकेनिकों पर विपरीत असर पड़ेगा।

◆ स्पेयर पार्ट्स की ब्रिकी में आने लगी गिरावट

सम-विषम फार्मूले से कम खराब हो रही कारें

सम-विषम फार्मूले ने कारों को राहत दी है। कार मरम्मत सेंटर चलाने वाले द्वारका प्रसाद गुप्ता के मुताबिक सम-विषम फार्मूला लागू होने के बाद गैराज में आने वाले कारों की संख्या में काफी गिरावट आई है। पहले जहां रोजाना आधा दर्जन से ज्यादा कारें आती थीं, अब इनकी संख्या घटकर आधी रह गई।

Before buying check the following 5 marks of Hallmark:
Assaying & Hallmarking Center's Mark | Purity/Fineness Grade | Year of Marking | Jeweller's Identification Mark
Today's B.I.S. Hallmark 22/22ct. Gold Rate
₹24100/-
24CT. Gold Rate x .916 = 22CT. Gold Rate
Making charges only 8% on all items
Rama Krishna Jewellers Pvt. Ltd.
SOLITAIRES FLAT 40% OFF
IGI CERTIFIED SOLITAIRES with Seal & Laser engraved
available .30 CT. to 5 CT. in all shapes & I,J,K,L,M Color
M: 9811026244
D-34 MAIN ROAD CENTRAL MARKET, LAJPAT NAGAR-II. Ph: 29830186
BRIDAL JEWELLERY • ANTIQUE JEWELLERY • POLKI & KUNDAN • DIAMOND JEWELLERY
RK/DEL/rapidexadvertising/0116

॥ प्रणाम ॥

विश्व पुस्तक मेला
- विश्व पुस्तक मेले का दूसरा दिन, प्रगति मैदान। सुबह ग्यारह बजे से रात आठ बजे तक।

कवि सम्मेलन
- मैथिली-भोजपुरी अकादमी द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन, कमानी ऑडिटोरियम, कॉपरनिकस मार्ग, शाम पांच बजे।

संगीत-नृत्य महोत्सव
- स्वामी हरिदास-तानसेन-संगीत नृत्य महोत्सव, शंकर लाल हाल, बाराखंभा रोड, शाम छह बजे।

कला प्रदर्शनी
- अभिजीत राय की कला प्रदर्शनी, त्रिवेणी कला संगम, तानसेन मार्ग, दस बजे से।

धूप खिली तो पार्कों में निकले लोग, लिया छुट्टी का मजा

कालकाजी डीडीए फ्लैट्स स्थित राजीव गांधी पार्क में खेलते बच्चे। जागरण

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : दो दिन तक बदली के बाद शनिवार को चटख धूप खिली तो लोग घरों से निकलें और पार्कों का रुख किया। बच्चों ने भी उनके साथ छुट्टी का आनंद उठाया। पार्क में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल खेला और स्केटिंग व साइकिलिंग की। बड़ों ने भी उनका साथ दिया। दरअसल, बच्चों के स्कूल 15 जनवरी तक पहले से ही बंद हैं, वहीं माह का दूसरा शनिवार होने के कारण ज्यादातर ऑफिसों में भी छुट्टी थी।

लोगों ने धूप व खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठाने के लिए पार्कों व पर्यटन स्थलों का भी रुख किया। लोग बच्चों के साथ लोटस टेंपल, आस्था पार्क आदि जगहों पर पहुंचे। कालकाजी स्थित राजीव गांधी पार्क में परिवार समेत आए श्याम प्रकाश कहते हैं कि धूप से काफी राहत मिली है। छुट्टी का दिन है, इसलिए परिवार के साथ आ गए। नेहरू प्लेस स्थित आस्था पार्क में परिवार संग घूमने आए अंशुल कुमार कहते हैं कि छुट्टी व अच्छे मौसम के मेल का फायदा उठाने वह आए हैं। खरीदारी करेंगे फिर घर जाएंगे।

Launching soon in Neemrana
novell Ikebana man and nature
Premium 2 and 3 BHK Apartments

At Novell Ikebana, feel the harmony and magic of nature in your everyday life. Situated in the urban and industrial heart of Neemrana, on NH-8, find 21st century residences that let you live more in tune with the surroundings.
Neemrana's 1st IGBC certified green project
On NH-8, in the heart of the residential hub of Neemrana
Rajasthan's biggest and Neemrana's 1st Skywalk garden with jogging track
Artificial Intelligence and Automated Security Systems
To Know More, Call
9899367673 | 9911282929 | 9887312000
9650400310 | 9891377951 | 9873098508
novell Smart Living Spaces

नाट्य समागम उत्सव का शुभारंभ

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : राष्ट्रीय नाट्य उत्सव नाट्य समागम शुरू हो गया है। संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष शेखर सेन ने दीप प्रज्वलित कर नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा यह उत्सव देश के अलग-अलग हिस्से की नाट्य समागम संस्कृति को समझने का मंच है। भारत में नाटक की परंपरा काफी पुरानी है और भारत ऐसा देश हैं जहां सैकड़ों साल से रामलीला का मंचन हो रहा है। हर बार एक ही कहानी कही जाती है, लेकिन लोग हमेशा उसका आनंद लेते है। इस अवसर पर संगीत नाटक अकादमी की सचिव हेलेन आचार्य, मशहूर नृत्यांगना नलिनी कमलनी एवं अन्य कलाकार भी उपस्थित थे।

नाट्य समागम में पहले दिन मुंबई की संस्था दि कंपनी थिएटर ने शेक्सपियर के मशहूर नाटक ट्वेल्थ नाइट का हिंदुस्तानी रूपांतरण पिया बहरूपिया का मंचन किया, जिसके निर्देशक अतुल कुमार थे। मथुरा से आए आदर्श बालकृष्ण रासलीला संस्थान ने मनोरम माखन चोरी लीला और ब्रिज की होली का खेल और नृत्य भी प्रस्तुत किया।

नाट्य समागम 17 जनवरी तक संगीत नाटक अकादमी के मेघदूत परिसर में आयोजित किया जाएगा।

नाट्य समागम का उद्घाटन करते संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष शेखर सेन। साथ में नृत्यांगना नलिनी कमलिनी। जागरण

DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —

Before buying check the following 5 marks of Hallmark:
Assaying & Hallmarking Center's Mark | Purity/Fineness Grade | Year of Marking | Jeweller's Identification Mark
Today's B.I.S. Hallmark 22/22CT. Gold Rate
₹24000 Per 10g
24CT. Gold Rate x .916 = 22CT. Gold Rate
Making charges 8% only on all items
IGI CERTIFIED FLAT 40% OFF SOLITAIRES
LAJPAT NAGAR-II :
D-32, Central Market, N D-24. Ph : 011-47284728
(We have no Branch in the Basement)
Antique Jewellery • Polki & Kundan • Bridal Jewellery • Diamond Jewellery

सड़क की समस्या होगी दूर : हजारी लाल

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :

पटेल नगर समेत आसपास के कई इलाकों में काफी समय से लोग सीवर और खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत की मांग कर रहे हैं। पटेल नगर से विधायक हजारी लाल ने बताया कि सड़कों की मरम्मत के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

प्रेमनगर के गुलशन चौक जहां के हालात काफी गंभीर थे, वहां की सड़क का निर्माण नए सिरे से कराया जा रहा है। सड़क किनारे बने शौचालयों की मरम्मत कर उन्हें इस्तेमाल लायक बनाया गया है। इसके अलावा पटेल नगर में कई सड़कों के पुनर्निर्माण की योजना बनाई जा रही है। इलाके में काफी समय से सीवर और पानी की पाइपलाइन से संबंधित कई शिकायतें मिल रही थीं। इस संबंध में एक कार्ययोजना पर काम चल रहा है, जिसके अंतर्गत पटेल नगर की पाइप लाइन और सीवर व्यवस्था को नए सिरे से डालने का काम किया जाएगा। सीवर लीकेज की वजह से कई बार लोगों के घरों में गंदा पानी आने की बात भी सामने आई है। इसलिए इस समस्या के निदान के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इसके अलावा आनंद पर्वत इलाके की सड़कों की मरम्मत के लिए भी कार्ययोजना तैयार है।

जयदीप ने ठोका शतक

जासं, नई दिल्ली :

जयदीप चौहान

जयदीप चौहान के नाबाद शतक की बदौलत मौलाना आजाद क्रिकेट क्लब ने जिमखाना रोहतक रोड की टीम को चार विकेट से पराजित किया। खान स्कूल मैदान में धर्मेंद्र सिंह फ्रेंडशिप क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में जिमखाना ने अभिषेक वत्स के 100 रनों की बदौलत 40 ओवरों में 274 रनों का स्कोर खड़ा किया। वहीं, जयदीप ने 60 गेंदों में नौ चौकों और आठ छक्कों की बदौलत नाबाद 118 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को जिताया।

हॉकी चैंपियनशिप 13 जनवरी से

प्रथम जूनियर एवं सब जूनियर दिल्ली महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 13 जनवरी से होगा।

Move up in style.
Take your first step towards luxury with the Audi A3 and Audi Q3.
*Complementary Extended Warranty 2+2 year's |*Complementary Road Side Assistance for 3 Year's.

	Down Payment	EMI
Audi A3	₹ 5.00 L	₹ 24,444
Audi Q3	₹ 7.00 L	₹ 34,444

Audi Vorsprung durch Technik
Audi Delhi West: A-21, Naraina Vihar, New Delhi M: +91 85888 59490, +91 85888 41045
: 19, Shivaji Marg, Najafgarh Road Indl. Area, Moti Nagar M: +91 85888 59491, +91 85888 64771 | Email: info@audidelhiwest.in | www.audidelhiwest.in
Audi Noida : D-4, Sector-8, Noida M: +91 85888 59493, +91 85888 59494 | Email: info@audinoida.in | www.audinoida.in
Best Audi After Sales Partner 2014 | Best Audi Investor of the Year 2013 | Best Debut Audi Partner Of the Year 2012
*Terms and Conditions apply. Offer valid on select variants. Picture shown for representation purposes only. Accessories and features shown may not be part of standard equipment or may not be offered in India. Insurance & registration to be charged extra. Finance at the sole discretion of the financier. /audidelhiwest | /audinoida | Audi Finance Audi Approved plus